फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय उपखण्ड़ अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर सुजानगढ़

पीठासीन अधिकारी– रतन कुमार स्वामी आर.ए.एस.

वाद पत्र– **अन्तर्गत धारा 88 आरटीए व 136 एलआर एक्ट** मु.नं. 134/सन् 2019

<table>
<tr><th>तारीख हुक्म</th><th>हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियलस जज</th><th>नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</th></tr>
<tr><td>23.12.2019</td><td>

यह वाद पत्र राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 88 व भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत वादी साबीर पुत्र मदन ने वाद पत्र प्रस्तुत किया गया। वाद पत्र की पत्रावली मुर्तिब हुई। पत्रावली दर्ज रजिस्टर की जावे।

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार से है कि ग्राम चुहास की जमाबन्दी संवत 2075–78 नया खाता खंख्या 57 पुराना खाता संख्या 15 में प्रार्थी के पिता का नाम राजस्व रिकार्ड में साबीर पुत्र मदन जाति रंगरेज निवासी छापर दर्ज है। जो गलत है। प्रार्थी के पिता का नाम आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के अनुसार प्रार्थी के पिता का नाम साबीर पुत्र मदन उर्फ मधु खां जाति रंगरेज निवासी छापर है। प्रार्थी के पिता का नाम साबीर पुत्र मदन उर्फ मधु खां किया जाने के आदेश फरमावे।

वाद पत्र प्रस्तुत होने पर तहसीलदार सुजानगढ से रिपोर्ट ली गई तहसीलदार सुजानगढ ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि जमाबंदी संवत 2075–78 में प्रार्थी के पिता का नाम साबीर पुत्र मदन जाति रंगरेज निवासी छापर दर्ज है। जो गलत है। संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड व पटवारी भानीसर तेजसिंहोतानं एवं भु.अ.निरीक्षण बड़ाबर की रिपोर्ट के अनुसार प्राथी के पिता का सही नाम साबीर पुत्र मदन उर्फ मधु खां जाति रंगरेज निवासी छापर है। जो शुद्ध किया जाना उचित है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। वादी द्वारा प्रस्तुत वादपत्र व दस्तावेजात एंव तहसीलदार सुजानगढ की अनुशंषा के आधार पर राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 88 व राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अनुसरण में ग्राम चुहास तहसील सुजानगढ़ व जिला चूरू की जमाबन्दी सम्वत् 2075–78 में नया खाता संख्या 57 पुराना खाता संख्या 15 में दर्ज प्रविष्टि को निम्नलिखित रूप से शुद्व किया जाकर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद के आदेश दिये जाते है:–

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>ग्राम</th><th>खाता संख्या</th><th>वर्तमान प्रविष्टि (अशुद्ध प्रविष्टि)</th><th>आदेश (शुद्ध प्रविष्टि जो राजस्व रिकॉर्ड मे दर्ज की जानी है)</th></tr>
<tr><td>1</td><td>चुहास</td><td>57 / 15</td><td>साबीर पुत्र मदन जाति रंगरेज निवासी छापर</td><td>साबीर पुत्र मदन उर्फ मधु खां जाति रंगरेज निवासी छापर</td></tr>
</table>

निर्णय की प्रति तहसीलदार राजस्व सुजानगढ़ को भिजवाई जाये। पत्रावली निर्णय में शुमार होकर हस्ब जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

23/12/19

उपखण्ड़ अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, सुजानगढ

</td><td>2019
00253</td></tr>
</table>

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2020.03.18 16:36:20 IST
Reason: SelfAttested